राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

आदेश संख्या:SHSB/GA/HR/7139/2021/......... पटना, दिनांक:...... / 04 / 2022

—: आदेश :—

राज्य स्वास्थ्य समिति के विभिन्न आदेशों द्वारा IGNOU से Certificate in Community Health (CCH) कोर्स उत्तीर्ण अभ्यर्थियों / कर्मियों का Community Health Officer (CHO) के पद पर जिला स्वास्थ्य समितियों में पदस्थापन किया गया है। पदस्थापित CHO's में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा कोरोना महामारी संक्रमण अथवा बिहार परिचारिका निबंधन परिषद् (BNRC), पटना का नर्सिंग निबंधन प्रमाण–पत्र के अभाव के आलोक में विहित अवधि के बाद योगदान समर्पित किये जाने के कारण जिलों द्वारा संबंधित अभ्यर्थियों का योगदान स्वीकार नहीं किया जा सका। इस संबंध में कतिपय जिलों द्वारा मार्गदर्शन की अपेक्षा की गयी है।

2. CHO का पद लोकहित में महत्वपूर्ण पद है। भारत सरकार द्वारा राज्य के स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को Health & Wellness Centre में परिवर्तित कर उसके माध्यम से जनमानस को व्यापक प्राथमिक उपचार किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। किन्तु CHO के कमी के आलोक में लक्ष्य प्राप्ति में कठिनाई CCH कोर्स हेतु व्यय एवं सरकारी राशि के विरूद्ध अभ्यर्थी की कम–से–कम तीन वर्षों की सेवा की अनिवार्यता है।

3. अतः जनहित एवं कार्यहित में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के आदेश सं०–7161 दिनांक 07.01.21, 7840 दिनांक 01.02.21, 1325 दिनांक 18.06.21, 2222 दिनांक 23.07.21 एवं 7273 दिनांक 21.01.22 (संलग्न) द्वारा पदस्थापित CHO's में योगदान की निर्धारित अवधि के बाद विधिवत समर्पित योगदान की स्वीकृति से वंचित अथवा योगदान हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को विशेष परिस्थिति में उन्हें **दिनांक 30 अप्रैल, 2022 तक** योगदान हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त अवधि तक विधिवत योगदान आवेदन संबंधित सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जि०स्वा०समिति के समक्ष समर्पित कर सकते हैं। विहित अवधि के बाद अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायगा।

उक्त आदेशों की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

अनुलग्नकः यथोक्त।

ह० / –

(संजय कुमार सिंह)

ज्ञापांकः SHSB/GA/HR/7139/2021/233 *पटना, दिनांकः* 13 */ 04 / 2022*

प्रतिलिपिः–

- अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।
- अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
- संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त / जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जि०स्वा०समिति / क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार / सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जि०स्वा०समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- प्रशासी पदाधिकारी / सभी उप सचिव / अपर निदेशक (वित्त) / राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, H&WC एवं आयुष / राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, रा०स्वा०समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
- सभी संबंधित CHO अभ्यर्थियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
- सिस्टम एनालिस्ट–सह–डाटा ऑफिसर, रा०स्वा०समिति, बिहार, पटना को समिति के अधिकृत वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/4/22

कार्यपालक निदेशक

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014,
दूरभाषः 0612–2290328, फैक्सः 0612–2290322, वेबसाइटः www.statehealthsocietybihar.org

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार